देश में औघोगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र

220. **श्री रामजीलाल :** क्या उघोग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में पिछड़े क्षेत्रों के नाम क्या-क्या हैं तथा तत्संबंधी राज्य वार ब्यौरा क्या हैं,

(ख) क्या सरकार इस संबंध में निर्धारित मापदंड के अनुसार वहां स्थापित किये गये उघोगों को समय पर राजसहायता तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं, और

(ग) इस संबंध में स्वीकृति दिये जाने के बावजूद जिन मामलों में राजसहायता नहीं दी गई हैं, उन मामलों की संख्या कितनी हैं तथा इसके क्या कारण हैं और यह राशि कब तक प्रदान किये जाने की संभावना है?

उघोग मंत्री (श्री मुरासोली मारन) : (क) पिछड़े क्षेत्रों/तालुकों का पता लगाने की प्रक्रिया वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग द्वारा चलाई जा रही हैं।

(ख) चुनिन्दा पहाडी अगम्य तथा दूरस्थ क्षेत्रों में औघोगिक इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित करने की लिये उघोग मंत्रालय 1971 से परिवहन राजसहायता का प्रबन्ध कर रहा हैं। इस योजना को अब 31,3,2000 तक बढ़ा दिया गया हैं।

इसके अतिरिक्त, उघोग मंत्रालय विभिन्न राज्यों के चुन्निदा पिछड़े क्षेत्रों में उघोगों को आकर्षित करने के लिए आधारभूत सुविधाये जुटाने हेतु विकास केन्द्र योजना तथा एकीकृत अवसंरचना विकास योजना चला रहा हैं।

(घ) इस योजना के अंतर्गत बागवानी, रिफाइनरियों तथा विघुत उत्पादक एककों को छोड़कर सभी इकाइयों को 50% से 90% के बीच परिवहन राजसहायता अनुदेय हैं।

यह योजना प्रतिपूर्ति के आधार पर कार्य करती हैं अर्थात् राजसहायता के लिए दावों की जांच सर्वप्रथम राज्य स्तरीय समितियों द्वारा की जाती हैं तथा राज्य सरकार संघ राज्य क्षेत्र द्वारा पात्र इकाइयों को वितरित की जाती हैं तथा उसकी पूतिपूर्ति का दावा बाद में केन्द्रीय सरकार से किया जाता हैं। यह एक सतत प्रक्रिया हैं। इस योजना के अंतर्गत, इस योजना के प्रांरभ से आज तक केन्द्र द्वारा विभिन्न राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को लगभग 296.0 करोड़ रू. वितरण किया गया हैं।

Seminar on Thailand-India investment cooperation

221. SHRI AKHLESH DAS: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Seminar on 'Thailand-India investment cooperation' was held recently in New Delhi;

(b) if so, the issues of discussion;

(c) whether Government propose trade-ties with that country to enhance economic cooperation between India and Thailand; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI MURASOLI MARAN): (a) Yes, Sir. This Seminar was held in association with apex industry association, viz. FICCI, CII and ASSOCHAM.

(b) The Seminar was designed to equip the investors with the perceptible insight about the growing investment opportunities in India and Thailand. Through the Seminar an attempt was made to disseminate the commitment of the Government to carry on economic reforms. The summit had special focus on sectors like industrial infrastructure, agrobusiness, food processing, etc.

(c) and (d) India and Thailand have trade agreements and Joint Trade Committee to review and discuss trade related matters between the two countries.

बाल श्रम के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय का निर्णय

222. **श्री गोविन्दराम मिरी :**
श्री शिव चरण सिंह :

क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उच्चतम न्यायालय के निर्णय के संदर्भ में बाल श्रम को समाप्त करने के लिए कुछ कदम उठाये हैं.

(ख) यदि हां, तो तत्संबंघी ब्यौरा क्या हैं, और

(ग)यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?